प्रभात खबर

सोलारिस शालीमार प्रोजेक्ट को अच्छा रिस्पांस

कोलकाता. ईडन रियल्टी ग्रुप की ओर से हावड़ा में सोलारिस शालीमार के नाम से सबसे ऊंचा स्काई गार्डन प्रोजेक्ट तैयार किया जा रहा है, जिसके लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गयी है. इस प्रोजेक्ट के तहत बनने वाले 18 मंजिला टावरों से गंगा नदी व बोटैनिकल गार्डन का मनोरम दृश्य दिखायी देगा. इस संबंध में ईडन रियल्टी ग्रुप के एमडी आर्य सुमंत ने कहा कि हावड़ा में पैदा होने के कारण, यह परियोजना उनके भावनाओं के साथ जुड़ी हुई है. उन्होंने बताया कि इस प्रोजेक्ट के लिए ऑफर आमंत्रित करने की प्रक्रिया शुरू हो गयी है और इसके लिए हमें अभूतपूर्व प्रतिक्रिया मिली है. उन्होंने बताया कि वर्तमान में 648 फ्लैट ऑफर में रखे गये हैं, जिनका आवंटन ई-लॉटरी प्रक्रिया के माध्यम से किया जाएगा. लॉन्च अभियान पर प्रतिक्रिया के बारे में पूछे जाने पर समूह के जेएमडी कुमार सत्यकी ने बताया कि प्रथम 12 दिनों में ही 2000 से अधिक लोग साइट पर आ चुके हैं. साइट कार्यालय पर बिक्री के अलावा, हमने अपने ऑनलाइन पोर्टल 'स्योरहोम्ज' के माध्यम से 2500 से अधिक ऑनलाइन फॉर्म बेचे हैं. उन्होंने कहा कि 12 फरवरी तक आवेदन स्वीकार किये जायेंगे.